किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com
7018631199

www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

शुक्रवार 20.10.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

हिमाचल का राहत पैकेज केन्द्र की सहायता के बिना नामुमकिन : जयराम

कांग्रेस काल में तंबू घोटाला की गूंज -झूठ की सरकार कांग्रेस सरकार

शिमला/हिमालयन अपडेट

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार एक बहुत बड़े राहत पैकेज लाई है, जिसके बारे में वो गुणगान कर रही है। सुकखु सरकार ने यह पैकेज 4500 करोड़ का रहा है पर बिना केंद्र की सहायता के बगैर बिना यह पैकेज लाना संभव नहीं था । मुख्यमंत्री ने आंकड़ों का फेर बदल कर जो केंद्र सरकार की योजनाओं को अपने पैकेज में दिखाया है वह उनके लिए सही नही है। इस पैकेज के अंतर्गत 1000 करोड़ रु मनरेगा से खर्च किया जाएगा ,जो कि केंद्र की अधिकार क्षेत्र है, ना की प्रदेश सरकार का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा क्रेंद्र सरकार ने 6500 घर स्वीकृत किए हैं जो कि राजीव गाँधी आवास योजना के अंतर्गत है। इससे आपदा में जो लोगों को घरों को नुकसान हुआ है उसको काफी फायदा मिलेगा। जिसका बजट 100 करोड़ से ज्यादा है। एनडीआरएफ के

अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 364 करोड़ बार मिले और 190 करोड़ दूसरी बार मिले जो कि इस पैकेज का हिस्सा है। 225 करोड़ रू लोगो ने आपदा राहत कोष में अंशदान किया है, जो कि इस पैकेज का हिस्सा है। एनडीआरएफ में इस सरकार को काफी फंड मिला है। एनडीआरएफ के अंतर्गत 403 करोड़ की राशि हिमाचल सरकार को मिली है। स्टेट डिजास्टर फंड के अंतर्गत 86 करोड़ के लगभग पैसा सरकार को मिला है। विधायक की विकास निधि का भी प्रयोग यह सरकार इस पैकेज के माध्यम से कर रही है। इसमें स्टेट बहुत बड़ा योगदान नहीं है। पर केंद्र ने जो है वो भरपूर जो सहायता की थी। उसी के मिश्रण से इस पैकेज को बनाया गया है। 2 हजार करोड़ से ज्यादा का जो योगदान इस राहत पैकेज के अंतर्गत है जो साफ झलकता है जिसका रिकॉर्ड हमारे पास उपलब्ध है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार इस पैकेज को लेकर पिक एंड चूज कर रही है। ब्लॉक स्तर राजनीतिक विशेष दलों के लोगों की सूची बन रही है और इस पैकेज का लाभ उन लोगों तक कैसे पहुंचे उनकी रणनीति तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहत के लिए जो पात्र व्यक्ति हैं उन्ही व्यक्तियों को राहत मिलनी चाहिए और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि आपदा में हमें नसीहत देने वाले खुद इसके ऊपर अमल नहीं कर रहे हैं। इस पैकेज को लेकर दलगत राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा पिछले 10 महीने में ये सरकार विफल रही है।सरकार को बने 10 महीने हो गए हैं परंतु कांग्रेस सरकार अपने काम पर फोकस करने के बजाए हम पर छीटाकशी कर रहे हैं मेरा निवेदन है कि अपने काम पे फोकस रखिये। हमें कोसना बंद कीजिए। कोविड टाइम पर उन 10 हजार से अधिक लोगो को भी निकाला गया जिन्होंने लोगों की सेवाएं की थी।इसमें से कई लोग छोटे बच्चों को लेकर धरना प्रदर्शन में आ रहे हैं, युवा आत्महत्या कर रहें हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एचआरटीसी के जो कर्मचारी हैं उनकी सैलरी नही मिल रही है । उसकी वजह से लोगों को त्योहारों पर निराशा का सामना करना पड़ रहा है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है सीमेंट के दाम सरकार ने चार बार बढ़ा दिए हैं। इससे भी लोगों के ऊपर गंभीर संकट बना है। कांग्रेस सरकार गारंटियों की बात ना करें क्यूंकि उनके मुँह से यह बात तर्कसंगत नही लगती है। आजकल तम्बू घोटाले की चर्चा जो पूरे प्रदेश में चल रही है। इस आपदा के संकटकाल में जो जगह जगह जिला मुख्यालयों में तंबू लगाए हैं, और उसका टेंडर तक नहीं हुआ। उन्होंने सीधा तंबू लगाने का काम किया। उसके काफी पेमेंट्स भी क्लियर हुई है, जिसके आंकड़े हम बहुत जल्द आपके सामने लाएंगे, और ये तम्बू घोटाला भी करोड़ों में निकलेगा।

युद्ध और हमारा मानसिक स्वास्थ्य: डॉ. विनोद नाथ

हिमालयन अपडेट

वैश्विक स्तर पर हमेशा से ही परेशानी भरे संघर्ष रहे हैं। जैसे हाल ही में हमास द्वारा इजराइल पर हमला, सीरिया में नागरिक अशांति, इराक में अस्थिरता, अन्य देशों में संघर्ष और सीओवीआईडी -19 महामारी, यूक्रेन में आक्रमण। ऐसी दर्दनाक घटनाओं की बहुत लंबी सूची है जो हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। स्टीव सुगडेन, जो एक मशहूर मनोचिकित्सक है के अनुसार: "नागरिक, सैनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से युद्ध का आनंद लेने वाले लोग आघात की विशिष्ट मनोवैज्ञानिक प्रोफाइल विकसित कर सकते हैं।" आश्चर्य की बात है कि, संघर्ष में शामिल सामान्य नागरिक सबसे कम मनोवैज्ञानिक आघात वाला समूह माने जाते हैं, फिर भी यह अभी भी महत्वपूर्ण हो सकता है और इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। स्वस्थ और फलदायी जीवन जीने के लिए नागरिकों में तनाव कम होना महत्वपूर्ण है जो किसी भी

समाज के विकास के लिए फायदेमंद है "अध्ययनों से पता चला है कि टेलीविजन, सोशल मीडिया या मीडिया के अन्य रूपों के माध्यम से युद्ध के उपभोक्ताओं पर भी उतना ही प्रभाव पड़ सकता है जितना कि संघर्ष के वास्तविक व्यक्तियों पर।"

स्क्रीन बंद करना (turn off screen time) या युद्ध से संबंधित सामग्री देखने का समय सीमित करना किसी के लिए भी उपयोगी हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह यथार्थवादी विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया एल्गोरिदम जानबूझकर व्यसनी बनाने के लिए बनाए गए हैं; हालाँकि, आपके सोशल ऐप्स पर निरंतर रिफ्रेश के बिना सूचित रहना संभव है। वैश्विक संघर्षों से संबंधित स्वस्थ सोशल मीडिया सीमाओं को लागू करने के लिए कुछ का सुझाव देते हैं जैसे कि अपने स्क्रीन टाइम को कम करना एक नियमित समय बनाना और यह तय करें कि आप एक ही तरह के समाचारों को अधिक महत्व न दें बल्कि अपने आपको अन्य क्रियाकलापों में भी व्यस्त करें जैसे कि व्यायाम करना, सैर करना या कोई अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी ऊर्जा को केंद्रित करना। जितना हो सके अपने आप को तनाव से दूर रखें और अपने मानसिक व शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित सलाह भी लेते रहे। अधिक जानकारी के लिए आप संपर्क सकते हैं डॉक्टर विनोद नाथ, संस्थापक ने न्यूरो कॉग्निटिव योग । व्हाट्सएप नंबर 9306 803 455

डा. वाईएस परमार महाविद्यालय के केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी का गठन

नाहन/हिमालयन अपडेट

डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय महाविद्यालय नाहन में सत्र 2023-2024 के लिए महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने बताया कि महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह 20 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय सभागार में ठीक 10:30 बजे प्रातः आयोजित किया जा रहा है जिसमें केन्द्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेगी। इस अवसर प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज छात्र संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने नवनियुक्त केन्द्रीय छात्र संघ को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अपील की है।

मंडी में त्रिलोक ठाकुर का भव्य स्वागत

मंडी/हिमालयन अपडेट

गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर, राजीव चौहान उद्यान कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, निपी ठाकुर शिमला जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के नवनियुक्त अध्यक्ष, प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ रविंदर मेहता, जिला आईजीएमसी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष हरेंद्र मेहता, नवल किशोर एवं जगमोहन कँवर का मंडी जिला में आने पर मनीष गुलरिया राज्य महासचिव गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ, महेश कुमार जिला महामंत्री गैर शिक्षक महासंघ मंडी, कमल ठाकुर अधीक्षक, विनय कुमार अधीक्षक, संदीप पठानिया अधीक्षक, राजीव चोपड़ा अधीक्षक, उदय राम प्रेस सचिव, राजमणि शर्मा, दयाराम ब्लॉक अध्यक्ष सदर इकाई एवं जिला मंडी गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। एनजीओ के तमाम बड़े नेताओं की बातचीत प्रदेश अध्यक्ष ट्रिल के से हुई और विभिन्न मुद्दों पर त्रिलोक ठाकुर से बात हुई। गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के विभिन्न कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया और समस्याओं के निराकरण के लिए अनुरोध किया गया। प्रदेश प्रधान त्रिलोक ठाकुर ने आश्वासत किया कि समस्त कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करना उनका कत्रव्य है और वो शीघ्र अति शीघ्र इसके लिए प्रयास करेंगे।

श्री राम वनवास दृश्य में अभिषेक टेस्सू की अदाकारी से दर्शकों की आंखे हुई नम

घुमारवीं/हिमालयन अपडेट

पुराना बस स्टैंड पर नगर परिषद प्रांगण में आदर्श राम नाटक राम लीला समिति के बैनर तले चल ही राम लीला की चैथी संध्या में भगवान श्री राम को वनवास के मार्मिक दृश्य को दशार्या गया। वहीं इस संध्या में राजेंद्र गर्ग पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सनातन धर्म की परम्पराओं और मूल्यों को समाज में बनाएं रखने और मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु राम के पदचिन्हों पर चलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा आज सनातन धर्म ही है जो भारत के साथ साथ पूरे विश्व में वैश्विक शांति के लिए कार्य कर रहा है। समिति के प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि रामलीला में प्रथम दृश्य में मंथरा कैकेई संवाद दिखाया गया जिसमें मंथरा कैकेई को महाराज दसरथ से अपने उन दो वचनों को मांगने के लिए उकसाती है जो कभी महाराज दशरथ ने युद्ध में उनकी जान बचाने पर कैकेई को दिए थे। अगले दृश्य में कैकई के कोपभवन में महाराज दशरथ से अपने बेटे भरत के लिए अयोध्या का राज सिंहासन और राम के लिए चैदह वर्ष का वनवास अपने दो वर पूरा करने के बदले में मांगती है। महाराज दशरथ के द्धारा समझाने के बावजूद भी कैकेई के न मानने पर महाराजष रघुकुल की रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाईए पर अमल करते वचन पूरा करते हैं।

और राम लक्ष्मण सीता के वनवास जाते ही अपने प्राणों को भी त्याग देते हैं। एक और दृश्य में राम कौशल्या संवाद दृश्य में भगवान राम का किरदार निभा रहे वरिष्ठ कलाकार अभिषेक टेस्सू और कौशल्या बने आशीष वर्धन ने बहुत ही मार्मिक ममतामई दृश्य प्रस्तुत कर दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। दशरथ की भूमिका में सबसे वरिश्ठ कलाकार महन्त राम ने व कैकई के भूमिका में जगरनाथ ने अपनी अभिनय क्षमता का परिचय दिया। प्रधान संजय शर्मा ने इस अवसर पर उमड़े जलसैलाब को लेकर सभी दर्शकों का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

एसजेवीएन ने 1000 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए राजस्थान और जम्मू एवं कश्मीर से आशय पत्र प्राप्त किए

शिमला/हिमालयन अपडेट

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अवगत करवाया कि एसजेवीएन को जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉपोरेशन लिमिटेड (जेकेपीसीएल) तथा राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (आरयूवीएनएल) से सौर ऊर्जा की खरीद के लिए आशय पत्र प्राप्त हुए हैं 1000 मेगावाट बीकानेर सौर परियोजना से 2.57 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर जेकेपीसीएल 600 मेगावाट और आरयूवीएनएल 500 मेगावाट विद्युत की खरीद करने के लिए इच्छुक है। परियोजना से सौर ऊर्जा का आबंटन विद्युत खरीद करार (पीपीए) के अनुरुप होगा जिस पर निकट भविष्य में हस्ताक्षर किए जाएंगे। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) द्वारा पीपीए पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। एसजीईएल राजस्थान में 1000 मेगावाट की बीकानेर सौर परियोजना विकसित कर रहा है। भारत की माननीय राष्ट्रपति, द्रोपदी मुर्मू ने दिनांक 03 जनवरी, 2023 को 1000 मेगावाट की बीकानेर सौर परियोजना की आधारशिला रखी। एसजेवीएन ने इस परियोजना के

लिए 5491 करोड़ रुपए का भारत का सबसे बड़ा ईपीसी अनुबंध मैसर्स टाटा सोलर पावर सिस्टम्स लिमिटेड को प्रदान किया था। शर्मा ने कहा, "यह परियोजना जून 2024 तक कमीशनिंग के लिए निर्धारित है और इसमें 5491 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।"

नन्द लाल शर्मा ने बताया कि इस परियोजना से प्रथम वर्ष में 2455 मिलियन यूनिट और 25 वर्षों की अवधि में संचयी रूप से लगभग 56838 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन होने की संभावना है। इस परियोजना से 27,85,077 टन कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत अग्रणी सीपीएसयू एसजेवीएन ने राज्य में 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं/पार्कों के विकासार्थ राजस्थान सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वर्तमान में, एसजेवीएन का परियोजना पोर्टफोलियो 58144 मेगावाट है और भारत सरकार के हरित ऊर्जा ट्रांजिशन के लक्ष्य के अनुरूप कंपनी अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। एसजेवीएन वर्ष 2026 तक 12,000 मेगावाट के अपने मिशन और वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता हासिल करने के अपने साझा लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

जनजातीय क्षेत्र में ईंधन की लकड़ी पर अनुदान मामला कैबिनेट के समक्ष उठाएंगे

कुल्लू/हिमालयन अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने आज केलांग के तिंदी में कहा कि जनजातीय क्षेत्र में ईंधन की लकड़ी पर अनुदान का मामला कैबिनेट के समक्ष उठाया जाएगा ताकि जनजातीय क्षेत्र के लोगों को बर्फ बारी और सर्दी के मौसम में ईंधन की लकड़ी खरीदने में दिक्कतों का सामना पेश न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र में चंहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वर्तमान प्रदेश सरकार इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की लाहौल घाटी के

तिंदी में स्थानीय लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के दौरान उन्होंने उक्त बात कही। 2.20 करोड़ की लागत से तैयार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण मौके पर उन्होंने कहा की तिंदी में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर की सुविधा नहीं मिल पा रही थी लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों के चलते अब लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। संस्थान में डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ की तैनाती के लिए भी सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल केलांग को 100 बिस्तर का अस्पताल बनाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में डॉक्टर सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की तनाती को लेकर प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आईसीएमआर के तहत कार्यक्रम को सुदृढ़ करने और सुचारू रूप से चलने की बात भी कहीं। उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के लिए बकाया करीब डेढ़ करोड़ की राशि को भी जल्द जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों को कुठार में स्वास्थ्य उपकेंद्र को यथावत बनाए रखना के दिशा निर्देश भी जारी किए। उन्होंने टिंडी अस्पताल के लिए एंबुलेंस प्रदान करने के लिए भी आगामी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों की विभिन्न मांगों को सुना। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं छात्रों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा की सुखाश्रय जैसी योजना अनाथ बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि आपके पास पड़ोस में कोई अनाथ बच्चा हो उसे इस योजना का लाभ अवश्य दिलाए। इससे पूर्व स्थानीय विधायक रवि ठाकुर ने मंत्री का स्वागत किया।

कार्यालय संगठन की रीढ़: बिंदल

शिमला/हिमालयन अपडेट

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ चक्कर में किया आज दो मोर्चे के कार्यालय खोलने के अवसर पर डॉ. राजीव बिंदल ने कार्यकताओं को शुभकामनाएं दी। डॉ राजीव बिंदल ने कार्यालयो के महत्व पर बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश अपने 17 संगठनवात्मक जिलों में कार्यालय खोल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठनात्मक जिलों के खुलने से महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी वहीं प्रदेश में भाजपा की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में में बसने वाली जनता तक केंद्र सरकार की योजनाओं का निष्पादन भी होगा।

'सुख आश्रय योजना सवारेंगी अनाथ बच्चों का भविष्य'

मंडी/हिमालयन अपडेट

मंडी जन विकास एवं साक्षरता समिति के कार्यकताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में समिति के करीब 75 कर्मठ कार्यकताओं ने हिस्सा लिया ।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और मिशन वात्सल्य अनाथ बच्चों और जिन्हे देखभाल और सुरक्षा की जरूरत है उनके लिए वरदान साबित हो रही है।उन्होंने कहा की सुख आश्रय

योजना माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा संचालित एक महत्त्वपूर्ण योजना है। सरकार ने ऐसे बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है। जिला मंडी में 479 बच्चों को इस योजना का लाभ मिलने वाला है जिसके अन्तर्गत ऐसे बच्चों का पालन पोषण, शिक्षा, आवास, विवाह आदि का खर्चा सरकार उठाएगी। उन्होंने लोगों से कहा की राज्य सरकार एक पालक माता-पिता की तरह इन बच्चों की न केवल निर्वाह कि व्यवस्था कर रही है बल्कि उनके भावी जीवन की चिंता भी सरकार को है। एनआर ठाकुर ने कहा की समिति के कार्यकर्ता लम्बे समय से अपने कार्य का निस्वार्थ भाव से निर्वाह करते आ रहे है और उन्हें उम्मीद है की मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और मिशन वात्सल्य को ग्रामीण स्तर पर लागू करने हेतु वे अपनी अहम भूमिका निभायेंगे तथा जिन अनाथ बच्चों को इन योजनाओं का लाभ मिलना है उन्हें यह लाभ दिलवाने के लिए वे सरकार की मदद करेंगे।

पंचायत उप-चुनावों के लिए मतदान केन्द्र चिन्हित

शिमला/हिमालयन अपडेट

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार हिमाचल प्रदेश पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियम 32 2 के तहत जिला शिमला के विकास खण्ड टूटू हीरानगर, नारकण्डा, छौहारा, जुब्बल, ठियोग, रामपुर, मशोबरा, बसन्तपुर तथा चौपाल के पंचायती राज संस्थाओं के उप निर्वाचन नवम्बर, 2023 के लिए मतदान केन्द्रों की अधिसूचना जारी की गई है।उन्होंने बताया कि विकास खण्ड टूटू की ग्राम सभा टूटू मजठाई के निर्वाचन क्षेत्र गुडशाली के लिए मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला बडेहरी, निर्वाचन क्षेत्र मजठाई-1 तथा मजठाई-2 के लिए मतदान केन्द्र सामुदायिक भवन मजठाई तथा निर्वाचन क्षेत्र भरयाल-1 व भरयाल-2 के लिए मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरयाल चिन्हित किए गए हैं, जिसकी मतगणना कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यावास में की जाएगी। विकास खण्ड रामपुर की ग्राम सभा लबाना सदाना के निर्वाचन क्षेत्र कोट जूली के लिए मतदान केन्द्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला जूली कोट चिन्हित किया गया है, जिसकी मतगणना कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यावास में होगी।